तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 30 जून 2025

11 2,814 विद्यार्थियों ने दी 6 यूजी व पीजी कोर्सिज की ..



12 एक पेड़ मां के नाम लगाने का अभियान



## खबर संक्षेप

### युवकों ने महिला के कानों से झपटी सोने की बालियां

**यमुनानगर।** जिले के कस्बा छछरौली में कलसिया स्कूल के पास बाइक सवार दो युवकों ने महिला के कानों से सोने की बालियां झपट ली। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। छछरौली निवासी सरोज रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार को सुबह 10 बजे वह किसी काम से जा रही थी। जब वह कलसिया स्कूल के पास पहुंची तो बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। आरोपियों ने आते ही उसके कानों से सोने की बालियां झपट ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### इंस्टाग्राम पर फोटो अपलोड, किए गंदे कमेंट

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने एक युवती की फोटो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर उस पर गंदे कमेंट किये। जिससे युवती की छवि खराब हुई है। युवती को जब इस बारे पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 23 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर अपना अकाउंट बनाया हुआ है।

### बर्तन फैक्ट्री से हजारों रुपये का चक्का चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी की मनोहर कॉलोनी स्थित बर्तन फैक्टरी से चोरों ने (बर्तन बनाने वाला) पीतल का एक क्विंटल 20 किलोग्राम का चक्का चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब 90 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 निवासी विपिन कुमार ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मनोहर कॉलोनी जगाधरी में बर्तन बनाने की फैक्ट्री है। फैक्ट्री से काम खत्म होने के बाद घर चला गया था। सुबह एक क्विंटल 20 किलो का पीतल का चक्का गायब मिला।

### दो सूने घरों से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने दो सूने घरों के ताले तोड़कर नकदी व सोने और चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मंगलौर निवासी तारावती ने बिलासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 23 जून को घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गई थी। 27 जून को जब वह घर वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

### सूरजमुखी से भरे दो ट्रक मंडी में पहुंची

**अंबाला।** नई अनाज मंडी में सूरजमुखी से भरे हुए दो ट्रक पहुंचे तो हलचल मच गई। छुट्टी के दिन भी अधिकारी कार्यालय पहुंचे और जांच में जुट गए। मंडी में हैफेड द्वारा खरीदी गए दो ट्रक भरकर सूरजमुखी की बोरियां पहुंची और एक नंबर व दो नंबर शेड के नीचे खोली जाने लगी। इस बारे में मार्केट कमेटी को जानकारी नहीं थी। इतना ही नहीं रविवार के दिन कोई भी खरीद या फरोख्त नहीं होती है। ऐसे में इस प्रकार से सूरजमुखी का मंडी में आना कई सवाल खड़े कर रहा है। मंडी सचिव दिलेल सिंह का कहना है कि इस बारे में उन्हें हैफेड एजेंसी की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई। फिलहाल काम रुकवाया दिया गया है। सोमवार को मामले की पूरी जांच होगी।

## चार लोगों ने युवक पर किया हमला, गाडी भी तोड़ी

हरिभूमि न्यूज. मुलाना

एमएमयू मुलाना के पास में दुकान करने वाले दुकानदार लवजीत सिंह पर चार युवकों द्वारा हमला कर दिया। यह घटना बीते 25 जून की रात लगभग 9:30 बजे के बीच शिव मंदिर के पास स्थित एक दुकान के पास हुई। पीड़ित लवजीत सिंह ने बताया कि वह अपनी दुकान से कुछ सामान लेने शिव मंदिर के पास गया था। यहां पहले से घात लगाए बैठे चार युवकों ने उस पर अचानक हमला कर दिया। हमलावर एक गाड़ी में सवार होकर आए थे। लवजीत के अनुसार, हमलावरों के पास लोहे की रॉड और धारदार हथियार थे जिनसे उन्होंने उस पर



हमला किया। हमले में एमएमयू का छात्र युवराज राणा और उसके साथी पारस राणा सहित दो अन्य युवक शामिल थे। आरोप है कि हमलावरों ने न केवल मारपीट की बल्कि लवजीत की गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों ने उसके कैफे की दिनभर की बिक्री की राशि1500 भी जबरदस्ती छीन ली।

## अंबाला में गिरते लिंगानुपात ने बढ़ाई अफसरों की चिंता, छह माह में 916 से घटकर 899 हुआ, अधिकारियों पर गाज गिरने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिले में पिछले छह माह में लिंगानुपात 916 से घटकर 899 पर पहुंच गया है। हर महीने गिरते लिंगानुपात से अब अफसर भी बेहद परेशान हैं। खुद डीसी अजय सिंह तोमर ने गिरते लिंगानुपात को लेकर चिंता जताते हुए बनाई गई टास्क फोर्स से बातचीत की। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी एसएमओ से लिंगानुपात घटने का कारण पूछा तो कोई भी चिकित्सक इस बारे में सही जवाब नहीं दे पाया । ऐसे में अब प्रशासन की ओर से कुछेक चिकित्सा अधिकारियों पर गाज गिरने की संभावना जताई जा रही है।

**खास बातें**

- उपायुक्त ने चिकित्सा अधिकारियों से जानी वजह
- कोई भी नहीं दे पाया संतोष जनक जवाब
- अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी

### नोटिस जारी किए गए थे



बता दें कि पिछले सप्ताह भी छह पीएचसी को लिंगानुपात में कमी आने के कारण नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस के जरिए सभी से जवाब मांगा था। अब फिर से कारणों का पता लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। लिंगानुपात के संबंध में अब प्रत्येक माह जिला टास्क फोर्स की बैठक होगी। जिसमें पूरे महीने के कार्यों का वर्णन किया जाएगा। इसके साथ ही ड्रग इंस्पेक्टर को भी जिले भर की मेडिकल स्टोर को दोबारा जांचने के निर्देश जारी किए हैं। वहीं बीएएमएस और बीएचएमएस चिकित्सकों की भी जांच होगी। अगर किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो उन चिकित्सकों और मेडिकल स्टोर संचालकों के लाइसेंस भी रद्द होंगे। डीसी ने कहा कि मेडिकल आफिसर (एमओ) अपने अपने क्षेत्रों में जाकर लिंगानुपात को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। इसके लिए आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी वर्कर्स भी शामिल होंगी। अगर किसी गांव में बीते वर्ष के मुकाबले लिंगानुपात कम हुआ है तो वहां पर भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

### अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर भी सख्ती

जिले में 85 अल्ट्रासाउंड केंद्र चल रहे हैं। जिन पर भी विभाग द्वारा सख्ती जारी है। इसके साथ ही एमटीपी केंद्रों पर भी लगातार दबाव बढ़ाया जा रहा है। हाल ही में सभी केंद्रों को अतिरिक्त एमटीपी किटें रखने पर प्रतिबंध लगाया गया है। कोई भी केंद्र जरूरत पड़ने पर ही एमटीपी किट मंगवा सकता है।पीएनडीटी के जिला नोडल अधिकारी डॉ विपिन भंडारी ने बताया कि अगले माह तक प्रसव बढ़ने की उम्मीद है। जिससे लिंगानुपात में थोड़ा सुधार आएगा। दो वर्षों से प्रसव में भी कमी देखने को मिली है। इसका असर सबसे अधिक पड़ रहा है। इसके अलावा सभी एसएमओ को लिंगानुपात में कमी के कारणों का पता लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### यमुनानगर के नाहरपुर में बड़ा हादसा, संचालक को भारी नुकसान

## पोल्ट्री फार्म की दो मंजिला इमारत पर गिरी आकाशीय बिजली, 13 हजार चूजों की मौत



यमुनानगर। गांव नाहरपुर में आसमानी बिजली गिरने से नीचे गिरी हुई पोल्ट्री फार्म की दो मंजिला इमारत के नीचे दबे मुर्गी के चूजे। फोटो: हरिभूमि

- स्थानीय लोगों की मदद से बचाव कार्य जारी है, हालांकि सभी चूजों की मौत हो चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के जठलाना क्षेत्र के गांव नाहरपुर में रविवार सुबह बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक पोल्ट्री फार्म की दो मंजिला इमारत नीचे ढ़ह गई। इमारत के नीचे ढ़हने से मलबे के नीचे दबकर करीब 13 हजार मुर्गी के बच्चों (चूजे) की मौत हो गई। हादसे में पोल्ट्री फार्म के संचालक को लाखों रुपये का नुकसान हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार सुबह के समय तेज गर्जना के साथ बिजली सीधी इमारत पर गिरी। जिसकी चपेट में आते ही पूरी इमारत भरभराकर गिर गई। आसपास के लोगों ने बताया कि हादसे के समय इलाके में बारिश हो रही थी।

मौके पर पुलिस व पशुपालन विभाग की टीम ने पहुंचकर बचाव कार्य किया। पोल्ट्री फार्म संचालक राजपाल ने बताया कि वह वर्षों से इस क्षेत्र में पोल्ट्री फार्म चला रहा है। उनके पोल्ट्री फार्म में करीब तेरह हजार चूजे थे। रविवार को अचानक आसमानी बिजली गिरने से उनके पोल्ट्री फार्म की इमारत ढह गई और देखते ही देखते उनके सभी चूजे मर गए। उन्होंने और अन्य ग्रामीणों ने चूजों को बचाने का काफी प्रयास किया। मगर इमारत के मलबे के नीचे दबे होने के कारण उनके सभी चूजे मौत का शिकार हो गए। राजपाल ने बताया कि उनके पोल्ट्री फार्म से अंडों की नियमित सप्लाई मिलिट्री एरिया में होती है। इस हादसे से अंडो की सप्लाई व्यवस्था भी ठप हो गई है और उनका आर्थिक भविष्य भी खतरे में पड़ गया है। उन्होंने प्रशासन और सरकार से उन्हें आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की।

### पूरी इमारत मलबे में तब्दील

पशुपालन विभाग के मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक डॉ. अशोक मिश्रा ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों व प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि हादसा आसमानी बिजली गिरने के कारण हुआ है। पूरी इमारत मलबे में तब्दील हो गई है और सभी चूजों की मृत्यु हो चुकी है। वहीं, स्थानीय प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है और रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

## मकान की छत गिरी, मलबे के नीचे दबने से बुजुर्ग महिला की मौत



शाहबाद। घायल मिया राम को उपचार के लिए ले जाते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

अल सुबह हुई बरसात के कारण रावा गांव में एक घर की कड़ियो वाली छत गिरने से एक दंपति मलबे के नीचे दबने से बेसुध हो गया। पड़ोसियों की मदद से दोनों को सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया। राव गांव के सरपंच पति राकेश ने बताया मिया राम और उसकी धर्मपत्नी सोमा देवी शनिवार रात को अपने घर में सोए हुए थे। सुबह हुई तेज बरसात के कारण उनकी कड़ियों की छत उनके ऊपर गिर गई जिससे मियां राम की हालात गंभीर बनी हुई है और सोमा देवी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया है। मृतका सोमा देवी के तीन बेटे मुकेश, नरेश और बंटी सभी विवाहित हैं। हादसे के वक्त बड़ा बेटा मुकेश पास के कमरे में था। छत गिरने की आवाज सुनकर वह दौड़ता हुआ आया और पड़ोसियों की मदद से अपने माता-पिता को अस्पताल पहुंचाया। मां की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमॉर्टम एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र में कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ति परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता और मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि वे इस दुखद परिस्थिति में थोड़ी राहत पा सकें।



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते यूनियन के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### प्रदेशभर के एलसीएलओ ने की रोष सभा

## मांगों को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राज्य भर के एलसीएलओ ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के गृह जिले कुरुक्षेत्र में रोष सभा करके मुख्यमंत्री के ओएसडी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर एलसीएलओ यूनियन हरियाणा के नाम पर एलसीएलओ यूनियन का गठन भी किया। यूनियन ने सरकार को चेताया है कि यदि सरकार ने एलसीएलओ की मांगों पर गंभीरता से चर्चा करके मांगों का समाधान नहीं किया तो अगस्त में बड़े आंदोलन का ऐलान किया जाएगा। रोष सभा में सीटू की राज्य अध्यक्ष सुरेखा और राज्य महासचिव जयभगवान उपस्थित रहे। सुरेखा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने विज्ञापन निकाल कर, लिखित परीक्षा लेकर मेरिट के आधार पर सीपीएलओ नियुक्त किए थे बाद में पोस्ट का नाम बदलकर कमीशन आधार पर काम का नाम लेकर उन्हें बेकार बैठा दिया गया है। यह पढ़े लिखे नौजवान बच्चों के साथ भद्दा मजाक है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीटू के राज्य महासचिव जयभगवान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिसम्बर, 2023 में क्रिड पंचायत लोकल आपरेटर के लगभग 7500 पदों पर भर्ती की गई थी। जिसके लिए सभी अभ्यर्थियों से 1000 रुपये फॉर्म का शुल्क भी जमा करवाया गया था। अभ्यार्थियों ने उपरोक्त पदों के लिए प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य कठिन परीक्षा नकारात्मक अंक के साथ दी। परीक्षा का परिणाम आने के बाद 7500 पदों को भरने के लिए विभाग ने सभी नव चयनित उम्मीदवारों को विभाग की साईट पर ही प्रस्ताव पत्र भेजे। मुख्यमंत्री के ओएसडी कैलाश ने मांगपत्र लेते हुए कहा है कि इस संदर्भ में विचार करके सकारात्मक कदम उठाया जाएगा। इस अवसर पर सीटू वरिष्ठ नेता माहावीर प्रसाद दहिया, सीटू जिला सचिव अनिल कुमार, सहसचिव रोशन लाल, उपप्रधान सुनील रत्न उपस्थित रहे। सिटीजन रिसोर्स इन्फोर्मेशन डिपार्टमेंट में क्रिड पंचायत लोकल आपरेटर सीपीएलओ पद की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले नव चयनित सभी उम्मीदवारों की उसी पद पर ज्वाईनिंग करवाया जाए।

### महिला की हत्या की वारदात का पर्दाफाश लिव इन में रहने वाला आरोपी गिरफ्तार


**पानीपत।** गंगाराम कॉलोनी में किराये पर रह रही यूपी के फिरोजाबाद जिले के केलई गांव निवासी महिला ऊषा 40 की हत्या की वारदात का पर्दाफास कर सीआईए वन पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान यूपी के बदायूं जिले के अमरदई गांव निवासी महेंद्र पाल के रूप में हुई है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि 27 जून को सुबह गंगाराम कॉलोनी में किराए के कमरे में यूपी निवासी महिला ऊषा का शव मिला था। मकान मालिक काबडी गांव निवासी सलिंद्र पुत्र जगपाल ने थाना पुराना औद्योगिक में शिकायत देकर हत्या का अभियोग दर्ज कराया था। शिकायत में बताया गया था कि उसके मकान में उषा देवी किराये पर रह रही थी। उसके साथ यूपी के शहजानपुर के रामपुरा का महेंद्र पाल नाम का युवक भी रहता था। दोनों की आपस में अक्सर कहासुनी होती रहती थी। 27 जून को सुबह वह मकान पर आया तो बाहर एक साड़ी बंधी हुई थी।

### यमुनानगर: कार की टक्कर लगने से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** शहर के कैंप क्षेत्र में कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर की गुलाब नगर निवासी दीपक कुमार ने बताया कि उसका पिता 63 वर्षीय मुल्कराज फैक्ट्री में काम करता था। वह शनिवार को साइकिल पर सवार होकर बाजार में किसी काम से गया था। जब वह बाजार से काम खत्म कर घर लौट रहा था तो रादौर रोड पर कैंप क्षेत्र के पास तेज गति से आ रही कार ने उसके पिता की साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसके पिता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कृषि मंत्री राणा ने विज से की मुलाकात, जाना हालचाल

**अंबाला।** अनिल विज से रविवार को उनके आवास पर हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न विषयों पर बातचीत भी हुई। राणा ने मंत्री अनिल विज के पांव में फ्रैक्चर की जानकारी ली। कामना की कि वह जल्द स्वस्थ होकर जनकल्याण कार्यों में लगे। उन्होंने मंत्री अनिल विज की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वो जनसेवा में निरंतर जुटे रहते हैं।



### राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने किया 176वीं बार रक्तदान

**कुरुक्षेत्र।** रक्त के अभाव में रक्त की आपूर्ति हेतु राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता शतकवीर, पर्यावरण प्रहरी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र में 547 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमें 9 लोगों ने रक्तदान किया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वयं 176 वीं बार रक्तदान किया। रक्त कोष कर्मी करनैल सिंह की उपस्थिति में रक्तदान करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने युवाओं से आग्रह किया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने कहा युवा नशे से दूर रहें और रक्तदान की सुई लगवाकर लोगों का जीवन बचाने का महत्वपूर्ण कार्य करें क्योंकि नशा हरता है प्राण और रक्त बचाता है जान। उन्होंने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्तदान एक सुरक्षित और स्वयं के लाभ के लिए भी है और इससे शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ते और 176 बार रक्तदान के अतिरिक्त 85 बार प्लेटलेट्स भी दान कर चुके हैं। बता दें डॉ. अशोक कुमार वर्मा भारत के सभी राज्यों की पुलिस और अर्धसैनिक बलों में सर्वोच्च रक्तदाता हैं। 547 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित कर चुके हैं।



**मानसून की दस्तक** धान की रोपाई के कार्य ने जिले में पकड़ी गति

### तापमान में गिरावट आने से गर्मी की तपिश से मिली राहत

## दूसरे दिन भी जिले में रुक रुककर हुई बारिश ने मौसम में घोली ठंडक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में दूसरे दिन रविवार को भी दोपहर तक रुक रुक कर हल्की बारिश होती रही। जिसकी वजह से मौसम में ठंडक बनी रही। वहीं, रुक रुक कर हुई बारिश में जहां जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। वहीं, धान की रोपाई में तेजी आ गई। लगातार दो दिन से हो रही बारिश से किसान खुश हैं। उन्होंने इसे धान की रोपाई के लिए लाभदायक बताया है। रविवार को बारिश होने से जिले के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। रविवार सुबह भी लोग जब नींद से जागे तो आसमान में बादल छाए हुए थे और हवा चलने से मौसम में ठंडक बनी हुई थी। सुबह के छह बजे के करीब हल्की बारिश शुरु हो गई और यह दोपहर तक रुक रुक कर कहीं तेज तो कहीं कम होती रही। जिससे मौसम में ठंडक बनी रही। हालांकि रुक रुक कर होती रही बारिश के कारण जिले में जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। वहीं, बारिश की वजह से सड़कों पर कहीं पानी भरने से व कहीं पर कीचड़ होने से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।



यमुनानगर। रविवार को हुई बारिश में भीगते हुए सड़क पर गुजरते हुए वाहन सवार।

### बारिश बनी वरदान

किसान राजपाल, महेंद्र सिंह, सतबीर सिंह, कुलबीर सिंह, रवि कुमार, बलबीर सिंह, पवन कुमार व रविंद्र आदि ने बताया कि इस समय धान की रोपाई का कार्य तेजी से चल रहा है। ऐसे में बारिश का होना धान की रोपाई के लिए सोने पर सुहागा है। क्योंकि बारिश होने से खेतों की सिंचाई करने में कम समय लग रहा है। उन्होंने बताया कि लगातार दो दिन से हो रही बारिश से उनकी गन्ना समेत अन्य फसलों को भी लाभ मिला है।

### न्यूनतम तापमान 25 डिग्री पर आया

जिले में रविवार को दूसरे दिन भी हुई बारिश से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रह गया।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक डॉ. देविन्द्र को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. देविन्द्र बीबीपुरिया को उनके हिंदी और पंजाबी साहित्य में दिए गए विशेष योगदान के लिए युवा साहित्यकार के रूप में आधारशिला साहित्यक संस्था द्वारा चंडीगढ़ में पंजाब कला भवन में आयोजित साहित्यक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उनको यह सम्मान हरियाणा संस्कृत एवं साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ चंद्र त्रिखा एवं चंडीगढ़ संगीत अकादमी के अध्यक्ष सुदेश शर्मा ने दिया।

### आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग

**कुरुक्षेत्र**। दुष्कर्म से पीड़ित नाबलिग लड़की ने एएसआई, आरोपी युवक विकास, उसके भाई व अन्य आरोपियों के खिलाफ, एसपी कुरुक्षेत्र, आईजी, अंबाला, पुलिस महानिदेशक एवं महिला आयोग को शिकायत भेजकर न्याय की गुहार लगाकर अरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ति की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच लाडवा डीएसपी को सौंपी है।

### कुरुक्षेत्र में उद्योग स्थापित करने की मांग

**कुरुक्षेत्र**। हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के बैनर तले आज ओबीसी/ एससी/ एसओ/ ओसी की एक बैठक पांचाल धर्मशाला नजदीक छोटा रेलवे स्टेशन के पास कुरुक्षेत्र में हुई। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने की। मंच संचालन महासचिव रोशन लाल धीमान ने किया। बैठक का मुख्य एजेंडा सभी जातियों को जाति के आधार पर बोर्ड के चेयरमैन, मेंबर व नौकरियों में पिछला बैकलॉग को पूरा करने व 27 प्रतिशत आरक्षण की पूरी भागीदारी दी जाए।

### आरटीआई एक्टिविस्ट को नहीं दी पूरी जानकारी

**कुरुक्षेत्र**। सूचना का अधिकार का तात्पर्य है सूचना पाने का अधिकार, सरकार ने आम आदमी के लिए सूचना का अधिकार (आरटीआई) लागू भी कर दिया लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सूचना के अधिकार का खुलेआम उल्लंघन करते देखे जा सकते है। जिम्मेदार अधिकारी आरटीआई में जानकारी देने से बचते है और अगर कोई आवेदक अपील में चला जाए तो यह अधिकारी आधी अधूरी जानकारी दे कर अपना पल्ला झाड़ लेते है।

### भाजपा जिला कार्यालय के उद्घाटन को लेकर बैठक

**कुरुक्षेत्र**। भारतीय जनता पार्टी, कुरुक्षेत्र द्वारा पार्टी के जिला कार्यालय के उद्घाटन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्री तेजीन्द्र सिंह गोल्डी ने की। बैठक में भाजपा के जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि बैठक में कार्यालय को एक प्रेरणादायक और संगठनात्मक मूल्यों को प्रतिबिंबित करने वाले कार्यों से जोड़ने को लेकर सुझाव आमंत्रित किए गए। सभी सदस्यों ने अपने विचार साझा किए।

### मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर भक्ति है: सुमित नरवाल

# निःशुल्क मेडिकल कैंप में मरीजों की जांच कर वितरित की दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

गांव चोचडा के सरकारी स्कूल में आज विर्क हस्पताल एवं सुमित नरवाल वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से फ्री मेडिकल कैंप एवं रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस मेडिकल कैंप में हड्डी एवं जोड़ों के रोगों के विशेषज्ञ विर्क हॉस्पिटल से डॉ आशुतोष एवम उनकी टीम ने इन रोंगो से पीड़ित रोगियों का निःशुल्क चेक अप करते हुए दवाईयां दी गई। इस निशुल्क मेडिकल कैंप में फ्री बल्ड शुगर टेस्ट के अलावा हड्डियों की मजबूती चेक करने वाला बीएमडी टेस्ट भी निशुल्क किया गया। इस मौके पर क्रिकेटर एवं समाजसेवी सुमित नरवाल ने कहा नर सेवा - नारायण सेवा मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर भक्ति है, और जब किसी जरूरतमंद की सहायता की जाए, तो वह सेवा स्वयं नारायण की सेवा के समान हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और बीमारियों का जल्द पता लगाना ताकि उनका समय पर इलाज किया जा सके। यह शिविर उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगा जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और स्वास्थ्य सेवाओं तक आसानी से नहीं पहुंच पाते हैं। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों में मास्टर सुरेश,डॉ रमेश,मोहन शर्मा,मास्टर सूबे सिंह,डॉ विक्रम,मास्टर सतबीर,सतीश शर्मा,दीपक शर्मा कालू,रामनिवास बेनीवाल आदि मौजूद रहे।



इंद्री ।देवी मंदिर मे लगे शिविर मे रक्तदान करते रक्तदाता व उपस्थित आयोजक।



इंद्री ।देवी मंदिर मे लगे शिविर मे रक्तदान करते रक्तदाता व उपस्थित आयोजक।

### शिविर मे किया 264 लोगों ने रक्तदान

**इंद्री**। सांखला क्लासेज करनाल व जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन देवी मंदिर इंद्री में किया गया। इस शिविर के लिए लगभग 300 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 264 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज और सिविल हॉस्पिटल करनाल के ब्लड बैंक की टीमों ने रक्त एकत्रित किया। शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता ये सिर्फ एक मनुष्य ही दूसरे को दे सकता है इसलिए हमें नियमित रक्तदान जरूर करना चाहिए। रक्तदान से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि नियमित रक्तदाता को बहुत सी बीमारियों से छुटकारा मिलता है। उन्होंने बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडका एवं लडकी को अपना ब्लड टेस्ट अवश्य कराना चाहिए। हर गर्भवती महिला को भी अपने रक्त की जांच अवश्य करानी चाहिये। सभी रक्त दाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर के आयोजन में मंदिर सुधार सभा इंद्री, नरेश सिंगला, गगन सिंगला, वैभव सिंगला, नरेश अरोड़ा, एस एल सांखला, ललित शर्मा,साहिल चौहान, प्रवेश जावा, अर्शदीप

## शीशगंज गुरूद्वारे में 30 को मनेगा पंचमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी

शीशगंज गुरूद्वारे में 30 जून को पंचमी पर्व के अवसर पर कार सेवा गुरूद्वारा बंगला साहिब दिल्ली वाले मुख्य बाबा बचन सिंह, बाबा जोगा सिंह कार सेवा तरावड़ी के नेतृत्व में हुए 12 कमरों का निर्माण, एक हॉल एक लाइब्रेरी के अलावा नए कार्यालय का शुभारंभ किया जाऐगा। यही नही गुरूद्वारे के मुख्य गेट पर बनाए जाने वाली दर्शन डयोढी के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया जाऐगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य प्रतिनिधि भुपेन्द्र सिंह लाडी ने जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पंचमी पर्व के दिहाड़े पर 30 जून को शीशगंज गुरूद्वारे में भाई जैता जी यात्री निवास का शुभारंभ होगा। मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जगदीश झींडा समेत काफी संख्या में पहुंचे संत महापुरूषों की अगुवाई में दर्शन ड्योढ़ी के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास होगा। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य प्रतिनिधि भुपेन्द्र सिंह लाडी ने तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए कमेटी के पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। दूर-दराज से रागी जत्थे सुबह से लेकर शाम तक संगतों को गुरूओं द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। आज भी पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया जाऐगा। 30 जून को आयोजित होने वाले पंचमी पर्व के दिन हजारों संगतों के बीच सन्त महापुरुष उद्घाटन कर संगत को समर्पित करेंगे।

## राष्ट्रीय काजला खाप की पंजाब राज्य की कार्यकारिणी गठित

### शमशेर सिंह काजल बने पंजाब के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा

राष्ट्रीय काजला खाप की पंजाब राज्य की कार्यकारिणी गठित, शमशेर सिंह काजल बने पंजाब के प्रधान। राष्ट्रीय काजला खाप की पंजाब राज्य की कार्यकारिणी का गठन करने हेतु खनोरी में निजी होटल में एक मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल काजला ने की और उनके साथ विशेष अतिथि के तौर पर खाप के सरक्षक प्रदीप काजल मौजूद रहे, इस संबंध में जानकारी देते हुए काजल खाप के राष्ट्रीय प्रवक्ता राम मेहर काजल ने प्रेस जारी कर

बताया कि खाप के द्वारा भारत देश के नौ राज्यों में कार्यकारिणी का गठन किया जाना है जिसको लेकर सभी राज्यों में कार्यकारिणी गठन की कार्रवाई शुरू कर दी है सबसे पहले करनाल के अंदर राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया उसके बाद उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी का गठन किया गया और आज पंजाब राज्य की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष शमशेर सिंह काजल को नियुक्त किया गया, उन्होंने बताया कि तो राज्यों की कार्यकारिणी बन चुकी है और उन सभी को भिन्न-भिन्न पदों पर जिम्मेदारी सौंप दी गई है शेष राज्यों के कार्यकारिणी को भी जल्द ही पूर्ण कर दिया जाएगा, काजल ने बताया कि खाप समाज में फैले अंधविश्वास और सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए लगातार प्रयासरत है जोकि नशा करना भ्रूण, हत्या दहेज प्रथा, समगोत्र विवाह, रिलेशन शिप जैसी गंभीर कुर्तियां को खत्म करने के लिए पूरी जोर-शोर से प्रयास कर रही है।

#### इस दौरान ये रहे मौजूद

इस मौके पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश काजल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रभान काजल, सचिव नरेश काजल, डॉ मनोज काजल बंगा, बीरबान काजल, होशियार सिंह काजल जींद, अनिल काजल अध्यक्ष हरियाणा, रतनपाल का जिला उत्तर प्रदेश, नायब सिंह काजल भूटाल कला, सोनू काजल निजामपुर सहित सैकड़ो गण मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### लोगों नें सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**घरौंडा**। प्रेरणा और जोश से भर देने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम , मा० प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देशवासियों को समर्पित मन की बात के 123 वे कार्यक्रम को घरौडा विधानसभा क्षेत्र 22 स्थित अंकुश जी के निवास पर जीतपुरी मंदिर के पास साथियों के साथ सुना, पूरे कार्यक्रम में विशेषकर कांग्रेस पार्टी के द्वारा अपने निजी स्वार्थ हित में जनता पर थोपे गए आपातकाल के दौरान देशवासियों के संघर्ष को नमन किया। साथ ही योग दिवस के अवसर पर योग के महत्व पर भी प्रकाश डाला , हाल में ही अंतरिक्ष यात्रा पर गए शुभांशु शुकला जी के साथ अपने वार्तालाप को भी साझा किया । साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु देशवासियों को एक पेड़ मां के नाम जैसे कार्यक्रम को गति प्रदान करने हेतु प्रेरित भी किया । इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी जेष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का विशेष धन्यवाद ।

## डाकघर घरौंडा में मिल रही सुविधाएं : आनंद

- पोस्ट मास्टर साहब ने कहा नगर मे लोगो को परेशान न होना पड़े आधार से जुड़ी सेवाएं मिल सके

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा

घरौंडा डाकघर के सब पोस्ट मास्टर आनंद सिन्हा के दिशा-निर्देशों के चलते घरौंडा ब्लॉक ने बताया कि आधार कार्ड की सभी सुविधाएं पहले से यहाँ चल रही है । उन्होंने बताया कि शहर एवं ग्रामीणों को पहले सभी आधार बनवाने के लिए सी.एस.सी सैंटर में जाना पड़ता है, यह सुविधा पोस्ट ऑफिस घरौंडा में पहले से चल रही है और नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं । पोस्ट मास्टर साहब ने कहा नगर मे लोगो को परेशान न होना पड़े आधार से जुड़ी सेवाएं मिल सके। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के पास आधार नहीं है तो वे डाकघर में नया आधार बनवा सकते है विशेष रूप से बच्चों के लिए भी, वहीं उन्होंने बताया कि आधार कार्ड में यदि कोई जानकारी गलत है तो आप उसे सुधार सकते है जैसे कि फिंगरप्रिंट, आईरिस स्कैन या फोटो बदलवाना, इसके अलावा आप अधिकारिक पी.वी.सी आधार कार्ड प्रिंट करवा सकते है। और जो भी आधार कार्ड से कार्य करवाता है उसको पावती रसीद डी जाति है जो सरकारी फीस है। घरौंडा डाकघर के सब पोस्ट मास्टर आनंद सिन्हा के दिशा-निर्देशों के चलते घरौंडा ब्लॉक ने बताया कि आधार कार्ड की सभी सुविधाएं पहले से यहाँ चल रही है

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 को

- लोक अदालत मे कोई भी व्यक्ति आपसी रजामंदी व समझौते के आधार पर केस निपटवा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में 12 जुलाई को जिला न्यायिक परिसर व सब डिवीजन घरौंडा,इन्द्री,असंध में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत मे कोई भी व्यक्ति आपसी रजामंदी व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने लंबित मुकदमों का निपटारा करा सकता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय



लोक अदालत में बैंक लोन, मोटर दुर्घटना अधिनियम, फौजदारी, दिवानी, चालान वैवाहिक व पारिवारिक मुकदमों इत्यादि का निपटारा किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निपटारा करवा सकता है। लोक अदालत के माध्यम से निपटाए गए मुकदमों की कोई अपील नहीं होती। लोक अदालत के माध्यम से फैसला होने से धन व समय की बचत होती है और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नं0 0184-2266138 पर संपर्क किया जा सकता है।

## न्यूज डायरी




### समारोह में सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई

करनाल। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि सत्यनिष्ठा की शपथ अभियान से देश भर में सच्चाई और ईमानदारी से जीवन जीने तथा देश के कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों, सरकारी ओर प्राइवेट कार्यालयों तथा अन्य प्रांगणों में सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाकर फॉर्म भरवाए जाते हैं। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि किसी भी बड़े अभियान की शुरुआत खुद से होनी चाहिए और अगर हम खुद ईमानदार बनेंगे तो न रिश्वत देंगे और न ही रिश्वत लेंगे और रिश्वत मांगने वालों को पकड़वाएंगे भी। सत्यनिष्ठा शपथ समारोह में विशेष रूप से फाउंडेशन के राष्ट्रीय मुख्य निदेश अशोक बजाज, राष्ट्रीय निदेशक रजनी बजाज, प्रदेश निदेशक हरियाणा डॉ आशीष सांगवान तथा स्टेट वाइस चेयरपर्सन हरियाणा डॉ राशी मान ने सत्यनिष्ठा की शपथ ग्रहण की ओर फॉर्म भरे।



### जैन धर्म तार्किक और वैज्ञानिक आाधरों को करता प्रमाणित

**करनाल**। जैन साध्वी डा. सरिता ने आज 36 साल बाद हनुमान गली के एस एस जैन सभा के जैन स्थानक में प्रवचन दिए। उन्होंने रिमझिम बारिश के दौरान प्रवचन दिए। उन्होंने अपनी पुरानी यादें ताजा कीं। उन्होंने कहा कि उस समय अर्वन एस्टेट नहीं था। उन्होंने बताया कि इससे पहले उन्होंने 1972 और 1989 में चातुर्मास किया था। उसके बाद वह यहां पर पहुंचीं हैं। उस समय की यादें उन्होंने ताजा कीं। करनाल में वह चार महीने तक रहेंगी। वह अपनी शिष्याओं के साथ यहां पहुंचीं। यहां पर जैन साध्वी ने कहा कि वह जैन आचार्य शिब मुनि के संघ में हैं। इस संघ में लगभग 1300 जैन साध्वी और साध्वियां हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने कहा कि वह करनाल प्रवास के दौरान युवाओं को जैन धर्म के नजदीक लाएंगी। जैन महासाध्वी डा.. सरिता के साथ डा. शुभा जी महाराज, महा साध्वी ऊषा जी महाराज थीं। इस अवसर पर अशोक जैन, नवीन जैन, विनोद जैन, परमीत जैन, सतीश जैन आदि रहे।



फोटो कैप्शन इंद्री 1 इंद्री के वार्ड नंबर एक स्थित नगर खेड़े पर लगे भंडारे मे

### प्राचीन नगर खेड़े पर किया हवन व भंडारा

इंद्री। इंद्री के वार्ड नंबर एक स्थित प्राचीन नगर खेड़े पर नगर खेड़ा कमेटी व कस्बा वासियों के सहयोग से हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कमेटी सदस्य भरतू राम व जयप्रकाश बंसल ने बताया कि शहर व क्षेत्र में सुख शांति और आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए वार्ड नंबर एक स्थित प्राचीन नगर खेड़े पर हर वर्ष हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसी को लेकर इस वर्ष भी नगर खेडे पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम मे आचार्य मोहित शर्मा ने हवन यज्ञ कर नगर खेड़े की पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद कस्बे में सुख शांति के लिए दूध की नाल दी गई। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



**करनाल**। पौधरोपण कार्यक्रम के तहत मौजूद भाविप के पदाधिकारी व सदस्य।

### भाविप ने पार्क में पौधरोपण किया

**करनाल**। आज भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश जी की जयंती के उपलक्ष्य में सेक्टर 13 के पार्क (सरकारी उच्च विद्यालय के साथ) में पौधरोपण का कार्य संपन्न किया गया। शाखा अध्यक्षा डॉ स्वर्णलता काठपा ने डॉ सूरज प्रकाश जी के परिषद के प्रति समर्पण भाव को याद करते हुए सभी आगंतुक सदस्यों का अभिवादन किया। ओ पी सुखीजा ने वृक्षों के महत्व को चंद काव्यमई पंक्तियों द्वारा प्रस्तुत किया व योगेन्द्र कौशिक द्वारा जल की अहमियत काव्यरूप में वर्णित की गई। सदस्यों द्वारा लगभग 20 छायादार वृक्षों जैसे गुलमोहर, नीम, अमलतास, लसोड़ा, अमरूद, बरगद, पीपल, हारश्रिंगार, अपराजिता बेल, इत्यादि को रोपित किया गया। सभी ने उत्साह पूर्वक सहयोग दिया। उदयभान जी व माली प्रीतम ने प्रकल्प से जुड़े एहम कार्यों को अंजाम दिया। आए हुए सभी सदस्यों को ठंडा जल पेय व खाद्य पदार्थ वितरित किए गए।



## दुख से मुक्ति पाना चाहते हैं तो हमें सुख का भी त्याग करना होगा

**कुरुक्षेत्र**। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अमीन रोड 7सी में भव्य आध्यात्मिक सत्संग समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्य स्वामी गुरुदेवा नंद ने भक्ति मार्ग में आगे बढ़ने के लिए कुछ गहन सूत्र प्रदान करते हुए कहा कि जब एक आत्मा मानव तन धारण करके पूर्व जन्मों के पुण्य संस्कारों के कारण भक्ति मार्ग का अनुसरण करती है तो वह धीरे धीरे अपने मन के विकारों और कर्म संस्कारों से मुक्ति प्राप्त कर लेती है। आगे स्वामी जी ने विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि प्रारब्ध वश सुख दुख, हानि लाभ, मान अपमान इत्यादी भाव जीवन में आकर एक साधक को विचलित करते रहते हैं। इनसे मुक्ति पाने का सरल एवं सटीक उपाय है कि यदि दुख से मुक्ति पाना चाहते हैं तो हमें सुख का भी त्याग करना होगा, मान सम्मान की इच्छा का त्याग किए बिना अपमान का भाव नहीं मिटेगा, लाभ की आकांक्षा त्याग कर ही हानि के भय से मुक्ति पाई जा सकती है। साध्वी ने समझाया कि ऐसी उच्च अवस्था हम तभी प्राप्त कर सकते हैं जब एक ब्रह्मनिष्ठ गुरू के सानिध्य में जाकर ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति करके अपने अंतःकरण में ही ब्रह्मानंद का अनुभव करते हैं।

**कार्यक्रम** | नौ दिवसीय महर्षि कॉन्सियस वेस्ड एजुकेशन और उन हाऊस ट्रेनिंग कार्यक्रम संपन्न

# शिक्षक स्वयं को समय के अनुसार तैयार करें: डॉ. अशोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

विकास भारत के सपने को साकार करने के शिक्षकों को समय के अनुसार अपने आप को अपडेट करने की जरुरत है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सही ढंग से लागू करने का जिम्मेदारी शिक्षकों पर है।

आने वाला समय चुनौतियों से भरा है। शिक्षक इसके लिए तैयार हो जाए।यह विचार केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के जन संचार विभाग के अध्यक्ष डॉ अशोक शर्मा ने रविवार को महर्षि विद्या मन्दिर स्कूल सांवला



कुरुक्षेत्र में संपन्न हुए नौ दिवसीय महर्षि कॉन्सियस वेस्ड एजुकेशन और उन हाऊस ट्रेनिंग कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती महिन्द्र कौर,

### शिक्षा नीति पर पहली बार बड़े स्तर पर चर्चा

*डॉ अशोक शर्मा ने कहा देश पहली बार शिक्षा नीति पर इतने बड़े स्तर पर चर्चा हुए हैं। स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार तैयार किया जा रहा है। जिसके लिए सेमिनार व कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आप अपने आप को अपडेट करने आएं हैं। आने वाला समय तकनीक का है। छात्रों में रचनात्मक कोशल व समस्त समाधान के लिए तैयार करना जरुरी है। आने वाला समय ए आई का है। लेकिन फिर भी शिक्षक महत्व से ज्यादा रहेगा।बस जरुरत है शिक्षक स्वयं को अपडेट करें। नौ दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले लगभग विभिन्न स्कूलों के चालीस से अधिक प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।इस अवसर पर यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के शिक्षक डॉ सुशील कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया।सी बी एस ई की तरह से आई मुख्य प्रशिक्षक श्रीमती गुरशरण कौर ने दो दिन प्रतिभागी शिक्षकों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति व नई तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। नौ दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों में भारी उत्साह था। प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने अनुभव सांझा किए। अंत में स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती महिन्द्र कौर ने मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।*

## खबर संक्षेप



पानीपत। कैंप के आयोजकों व सेवाएं देने वालों के साथ मेयर कोमल सैनी।

### शिविर में 237 लोगों के स्वास्थ्य व आंखों की जांच

**पानीपत।** आदर्श एक विश्वास सोसाईटी व दयाल फिजियो द्वारा आज दयाल फि योकेयर के दो वर्ष पूरे होने भाई लालो गुरुद्वारा तहसील कैम्प में 73वां मेडिकल कैम्प व नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 237 मरीजों के स्वास्थ्य व खून की जांच की गई तथा उन्हें चश्मे व दवाई फ्री वितरित की गई। कैम्प का शुभारंभ मेयर कोमल सैनी ने रिबन काट कर किया व सभी डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद जयदीप अरोड़ा, पार्षद नवल जिंदल, डा.संचित गोयल चमड़ी रोग विशेषज्ञ, डा.प्रशांत शर्मा दंत रोग, डा.पारस सहगल फिजियोथेरेपिस्ट, जतीन अरोड़ा , आदर्श एक विश्वास से नवीन मुंजाल, गौरव तागरा, सहगल लैब से नरेश सहगल, अनिल चराया, हर्ष सहगल, शुभम सचदेव, संजय सहगल, रोहित कपूर व दीपक आदि मौजूद रहे।

### बुआना लाखू गांव में 400 पौधे रौपेने का लक्ष्य पूरा

**इसराना।** दादा लाखू स्पोट्र्स एंड सोशल एसोसिएशन बुआना लाखू के बैनर तले कलीन बुआना ग्रीन बुआना मुहिम के तहत गांव को हरा भरा बनाने के लिए चार सौ पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा कर दिया गया है। डलसा के प्रधान प्रदीप मलिक ने बताया कि गाँव में तालाबों के किनारों पर , विद्यालय में दीवारों क साथ-साथ व अन्य खाली पड़ी जगहों पर चार सौ फलदार, फूलदार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसको समिति के सदस्यों ने पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य गांव को हरा भरा बनाना है। अभी गांव में एक हर्बल गार्डन भी बनवाया जाएगा।

### संविधान पर उपराष्ट्रपति की टिप्पणी निंदनीय

**पानीपत।** भारतीय संविधान में शामिल धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की टिप्पणी बेहद निंदनीय है और उपराष्ट्रपति जैसे गरिमामयी पद पर होते हुए यह टिप्पणी संविधान की मर्यादा का घोर उल्लंघन्न है। उक्त विचार सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने आज भगतसिंह स्मारक में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला की जिला कौंसिल की मीटिंग को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। मीटिंग की अध्यक्षता का.पृथ्वी सिंह सैनी ने की। राज्य सचिव का. दरियाव सिंह कश्यप ने जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ देश की केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारियों के विभिन्न संगठनों ने 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है।

### गवाह को धमकाने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने हत्या के मामले में जमानत पर आने के बाद गवाह को गवाही न देने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान देसराज कॉलोनी निवासी साधु उर्फ बाबा के रूप में हुई है। देशराज कालोनी निवासी सुखबीर ने दी शिकायत में बताया था कि उसके तीन बेटे थे। दूसरे नंबर के बेटे दिनेश की पड़ोस में रहने वाले साधु पुत्र बाबा ने अपने कई साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। हत्या की वारदात में साधु उर्फ बाबा जेल में था तथा अब जेल से जमानत पर बाहर आया हुआ है। इस केस में वह मुख्य गवाह है।

## मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में 120 को सम्मानित किया

# बच्चों की प्रतिभा का सम्मान समाज के लिए गौरव के पल : योगेश्वर

■ अभिभावक अपने बच्चों में संस्कारों को भी भरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण व आयोजक ।

समस्त ब्राह्मण सभा द्वारा आज भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन आर्य कॉलेज के सभागार में किया गया। जिसमें जिला के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को अतिथियों व आयोजकों द्वारा पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

समारोह में मुख्य अतिथि गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी योगेश्वर दत्त, चाणक्य शर्मा, ओमबीर पंवार, बाबू राम कौशिक, समस्त ब्राह्मण सभा पूर्व प्रधान रतन शर्मा व कुलदीप कौशिक आदि रहे। सभी अतिथियों का आयोजकों द्वारा जहां फूल मालाओं से स्वागत किया गया वहीं पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्वर्ण पदक विजेता योगेश्वर दत्त ने कहा कि किसी भी समाज के लिए वह गौरव के पल होते हैं जब उसके बच्चे देश-प्रदेश में समाज का नाम रौशन करते हैं। इससे भी अच्छी बात यह है कि उन्हीं प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करना मौका मिलना। समस्त ब्राह्मण सभा पानीपत को आज यह मौका मिला है। जिसके सफल आयोजन के लिए वह बधाई की पात्र है। उन्होंने समारोह में मौजूद अभिभावकों व समाज के प्रबुद्व नागरिकों से आह्वान किया की वो अपने बच्चों के लालन-पालन के साथ.साथ संस्कारों को उनमें भरने का काम करें। संस्कार से बच्चे, मां-बाप, गांव, शहर, समाज, प्रदेश व देश का नाम रोशन करने का काम करेंगे। कुलदीप कौशिक ने कहा कि ब्राह्मण समाज माला में धागे की तरह है जिसने हमेशा जोडऩे का काम किया है। चाणक्य शर्मा ने बच्चों को पूरी मेहनत से समाज का नाम चमकाने के लिए प्रयास करते रहने की अपील की। वहीं समारोह में हरियाणवीं लोक गायक विकास पहसोरिया ने धार्मिक व संस्कृति रागनियों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर समस्त ब्राह्मण सभा के जिला प्रधान शैलेंद्र कौशिक, जिला बार एसोसिशन के सचिव एडवोकेट संदीप शांडिल्य, एडवोकेट डीके पंडित, एडवोकेट राजेश कौशिक, रामपाल शर्मा, धर्मबीर शर्मा, रामचन्द्र शर्मा, रणजीत शर्मा, महाबीर शर्मा, संदीप शर्मा, प्रधानाचार्य रमेश मुदगिल, मेघराज कौशिक, महाबीर माण्डी, सियाराम शर्मा एडवोकेट, मोना शर्मा, कुसुम शर्मा, वासु शर्मा, सुनील शर्मा व अजय आदि मौजूद रहे।

# छात्रों को निवेश का महत्व बताया

■ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विद्यार्थी डेवलपमेंट कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आईटीआई मतलौडा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ता ।

एवं विद्यार्थी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य रंजना शर्मा ने विधिवत रूप से रिबन काटकर किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता विश्वदीप शर्मा रहे।

पहले सत्र में विद्यार्थियों को निवेश विषय पर विस्तार पूर्वक जागरूकता प्रदान की गई। जबकि दूसरे शास्त्र में निवेश में अवसरों की विस्तार से जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता विश्वदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को डेरिवेटिव मार्केट के बारे में बताया की डेरिवेटिव मार्केट भविष्य में संपत्ति खरीदना बचने के लिए दो या दो से अधिक संस्थाओं के बीच हस्ताक्षरित समझौते के रूप में एक सुरक्षा है। वहीं कार्यशाला में पधारे मुख्य वक्ता समेत सभी सहयोगियों का कंप्यूटर अनुदेशक दिनेश कुमार द्वारा आभार जताया गया।

प्राचार्य रंजना शर्मा ने कहा कि आईटीआई में विद्यार्थियों के लिए ऐसी जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहा है तथा भविष्य में भी किया जाता रहेगा।

## चुलकाना लकीसर बाबा मंदिर में भंडारे का आयोजन



पानीपत। चुलकाना धाम में विराजमान सतयुग के महान तपस्वी श्री चुनकट महर्षि जी का सदियों से हर साल पूरे गांव की तरफ से शुक्ल पक्ष के रविवार को सामूहिक भंडारा किया जाता है। जिसको लकीसर बाबा की जग बोला जाता है। जिसका आयोजन आज हुआ।

इस जग भंडारे का मुख्य उद्देश्य गांव में बाबा लकीसर जी महाराज सुख शांति बनाए रखें और गांव बरसात करवाने के लिए इस भंडारे को सदियों से हर साल किया जाता है। गांव के बुजुर्ग नकलीराम छौक्कर और सुबेसिंह छौक्कर ने बताया कि एक दिन की बरसात तो गांव वाले जब चाहते उसी समय करवा लेते हैं।

### श्री राधे संकीर्तन एवं फूल बंगला उत्सव मनाया

**पानीपत।** ब्राह्मकुमारीज सैक्टर . 25 हुड्डा पार्ट 2 की संचालिका बीके अंजना द्वारा श्री राधे संकीर्तन एवं फूल बंगला उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें राधा.कृष्ण की लीलाओं, भजनों और संकीर्तन किया गया। बीके अंजना बहन ने श्री राधे और श्री कृष्ण जी का आध्यात्मिक परिचय से अवगत कराया और बताया कि श्री कृष्ण जी को कई नामो से पुकारा जाता है जैसे कान्हा जी, लाडू गोपाल जी, ठाकुर जी आदि सभी नाम श्री कृष्ण जी से प्रेम और प्रीत की निशानी हैं। इस अवसर पर गायक सिद्धार्थ, संजू, खुसबू, जिया आदि गायक ने भजन गाये। संकीर्तन में ममता, कृष्णा, शकुंतला, उषा, प्रोमिला, सोनिया, सुरेश व सरिता मलिक आदि मौजूद रहे।

# निंबरी आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर किया सत्संग

■ गायक सुरजीत कुमार ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। श्री सोमनाथ धाम आश्रम में अतिथियों का स्वागत करते आयोजक ।

पूज्य सुधांशु जी महाराज द्वारा स्थापित श्री सोमनाथ धाम आश्रम निंबरी में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। आज के सत्संग में भजन गायक सुरजीत कुमार ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी।

वहीं इस अवसर पर एक फ्र मेडिकल चेकअप कैंप भी लगाया गया। जिसमें 65 भक्तों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। उनको उचित दवाइयां भी फ्री में दी गई। कैंप के इंचार्ज आहूजा हॉस्पिटल के डॉ.संदीप अग्रवाल रहे। गुरु पूर्णिमा पर दिल्ली आश्रम से लाई गई पूज्य महाराज श्री की रजत जड़ित चरण पादुका का पूजन श्री राम नारायण रावल, डॉ.जगजीत आहूजा, यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ तथा गिरीश अरोड़ा द्वारा गुरुजी की कुटिया में विधिवत्त मंत्रोचारण के साथ किया गया। जबकि आरएन रावलचरण पादुका अपने सिर पर रखकर सत्संग हॉल में लाए। पूरी संगत ने पंक्तिबद्ध होकर पूज्य महाराज श्री की चरण पादुका को प्रणाम करके प्रसाद ग्रहण किया। स्मार्ट एलईडी पर पूज्य महाराज श्री के अमृत प्रवचन का प्रसारण हुआ। पूज्य महाराज श्री ने भक्तों को बताया कि आज हमारे बच्चे शिक्षित तो हो रहे हैं लेकिन संस्कारी नहीं बन रहे। हमें उनको संस्कारवान बनाना चाहिए। मुख्य अतिथि अशोक नारंग, मीनाक्षी नारंग, भजन सम्राट सुरजीत कुमार तथा डा.संदीप अग्रवाल को मिशन का पटका और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिशन के प्रवक्ता भीम डुडेजा, प.पुरुषोत्तम शर्मा, प.हुकुम चंद शास्त्री, चुन्नी लाल चावला, रमेश आर्य, रमेश ढींगरा, गणेश ठाकुर, जगदीश खुराना, पीसी झा, निरंजन सिंह, रामबाबू यादव, संतोष पंडित, सुनील थम्मन, एकांश शमा, राजू, मंजू रावल, कांता छाबड़ा, नीलम दत्ता, भावना सलूजा, सुनीता पांचाल, आदि उपस्थित रहे।

## एचएसवीपी ने सेक्टर 8 वासियों के हितों को रखा गिरवी : दलबीर

**पानीपत।** सेक्टर 8 निवासियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। हैरानी की बात है कि दर्जनों बार विभिन्न अधिकारियों व नेताओं को शिकायत के बावजूद तो समाधान क्या होता प्रदेश के सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के आदेश के बाद भी सेक्टर वासियों को अपने सेक्टर में आने-जाने के लिए रास्ता नहीं मिल पाया। बता दें कि सेक्टर वासी संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों, मंत्री, विधायक एवं मुख्य सचिव को भी शिकायत कर चुके हैं। शिकायत में बताया गया है कि उनके सेक्टर में कोई भी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। हालत यह हैं कि उनके सेक्टर को जीटी रोड से कोई सीधा रास्ता तक नहीं दिया गया है। जबकि सेक्टर काटे जाने के वक्त दर्शाए गए नक्शे में जीटी रोड से सेक्टर तक सीधा रास्ता दिखाया गया था। इसकी वजह से सेक्टर वासियों को अपने घर से शहर तक आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा विभाग ने सेक्टर 7 व 8 के प्लाट धारकों की बिना सहमति के रेलवे लाइन के ऊपर रेलवे फ्लाईओवर बनाया है। यही नहीं जीटी रोड को एक निजी कॉलोनाइजर द्वारा जोडऩे के लिए भी ऊपरगामी पुल का निर्माण किया गया है। जिससे उनके सेक्टर को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# धान की रोपाई तेज, किसानों को मूसलाधार बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना



पानीपत। इसराना क्षेत्र में धान कि रोपाई में जुटे खेतीहर मजदूर।

खेतों में धान की रोपाई किसानों ने तेज कर दी है। धान की रोपाई का काम 50 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। अब किसानों को मूसलधार बारिश का इंतजार है।

किसान आसमान से गुजर रहे बादलों को टकटकी नजरों से निहार रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इसराना उपमंडल के किसान ज्यादातर धान की रोपाई करते हैं। अब किसानों को धान की रोपाई के लिए पानी की समस्या आड़े आ रही है ना तो अभी तक अच्छी बारिश हुई है ना ही नहरों, रजवाहे, माइनर में पानी पहुंचा है ओर बिजली की समस्या भी बनी है। अब किसानों को इंद्रदेव पर ही भरोसा है। अगर अच्छी बारिश हुई तो बिजली की समस्या का कुछ हद तक हल हो जायेगा।

# अपहृत किशोरी बरामद, आरोपी दंपती गिरफ्तार

■ शार्टकट तरीके से पैसे कमाने के लिए किशोरी को ले गए थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। युवती का अपहरण करने के आरोपी के साथ पुलिस टीम ।

थाना सदर पुलिस ने किशोरी का अपहरण करने वाले आरोपी दंपति को शनिवार शाम को रिफाइनरी गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी दंपत्ती के कब्जे से अपहत किशोरी को सकुशल बरामद किया।

आरोपियों की पहचान बिहार के पूर्णिया जिला के अहिया नगर निवासी जानू कुमार झा व उसकी पत्नी शिवानी झा के रूप में हुई है। थाना सदर प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेश ने बताया कि थाना सदर में यूपी के गौंडा जिला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था की वह तीन साल से थाना सदर क्षेत्र के एक गांव में किराए के कमरे में परिवार सहित रह रहा है। उनके पड़ोस में आदित्य जानू झा अपनी पत्नी शिवानी के साथ रहता था। गत 24 जून को बाद दोपहर उसकी 14 वर्षीय बेटी को दंपत्ती बाइक पर बैठाकर कहीं ले गए। आदित्य जानू दवाई लेकर आने की बात कहकर मनीष से बाइक लेकर गया है। उसे शक है आदित्य अपनी पत्नी शिवानी के साथ उसकी बेटी का अपहरण करके ले गए हैं। पुलिस आरोपी दंपत्ती को धरपकड़ के लिए उसने संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। पुलिस टीम ने आरोपी दंपत्ती को रिफाइनरी गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अपहत किशोरी को बरामद किया। पूछताछ में आरोपी दंपत्ती ने पुलिस को बताया कि वह शार्टकट तरीके से पैसे कमाने के लिए किशोरी की कहीं शादी कराने की साजिश रचकर बहला फुसलाकर ले गए थे।

# ग्रीनमैन प्रो. दलजीत ने रौपा बरगद का पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



जन सेवा दल में बरगद का पौधा लगाते हुए प्रो.दलजीत कुमार व अन्य ।

ग्रीनमैन के नाम से विख्यात देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में सहायक प्रो.इतिहास के पद पर कार्यरत प्रो. दलजीत कुमार द्वारा गत11 जनवरी 2025 से राष्ट्रीय वर्ष बरगद रोपण अभियान चलाया हुआ है।

इस अभियान के अंतर्गत आज सिविल अस्पताल पानीपत स्थिति जनसेवा दल के साथ मिलकर सिविल अस्पताल के प्रांगण में बरगद का पौधा रोपित किया। प्रो.दलजीत कुमार ने कहा कि बरगद का पेड़ सैकड़ों वर्ष जीवित रहकर ऑक्सीजन के बड़े स्त्रोत के रूप में काम आता है साथ ही जीवनदाता वृक्ष, छाया देनेवाला, मधुमेह व त्वचा रोगों में भी उपयोगी है। चमन लाल गुलाटी सचिव जन सेवा दल ने कहा कि जनसेवा दल पिछले 46 साल से जनसेवा का निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहा है। पौधारोपण प्रकृति की निस्वार्थ सेवा है आज इसी कड़ी में ग्रीनमैन प्रो.दलजीत कुमार के सहयोग से बरगद का पौधारोपित किया गया। जबकि ग्रीनमैन ने 51 पौधे जनसेवा दल को भेंट किए।

### शहरी मंडल ने पीएम मोदी के मन की बात के बाद किया पौधरोपण



समालखा शहरी मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल की अध्यक्षता में बूथ नंबर 162 व 163 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष सुनील परढाना थे। मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम जिंदल, नरेश बेनीवाल व सुनील परढाना का फूल माला पहनकर कष्ट निवारण समिति का सदस्य बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर साहब सिंह रंगा, रॉकी वर्मा, जय भगवान, तरुण गोयल, मनीष बेनीवाल, सतपाल शर्मा, डॉ.रविंद्र सेन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बूथ 160 पर मेयर कोमल सैनी ने सुनी पीएम के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। बूथ न.160 पर मेयर कोमल सैनी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

भाजपा दक्षिण मंडल के बूथ नंबर 160 पर गोपाल तायल के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 123वें एपिसोड सुना गया।

जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य व भाजपा के दक्षिण मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, मेयर कोमल सैनी, जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य संजय अग्रवाल, वार्ड 14 से पार्षद अजीत उर्फ बिट्टू प्रजापत, आशीष शर्मा, दक्षिण मंडल महामन्त्री अरुण पसरीच, दीपक गोयल मन की बात के प्रमुख, दक्षिण मंडल महामंत्री कमल गोस्वामी, हिमांशु विरमानी, रोहतास देशवाल, संजय जुनेजा, सतीश गुप्ता, पुरुषोत्तम अग्रवाल, गजेंद्र सिंह दहिया गज्जू बाबा, विशाल तायल, महेंद्र कत्याल, संदीप मलिक, संजय मंगला, कृष्ण चावला, रिंकू गुप्ता, मनोज गोयल, विकास अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

# नौ जुलाई की हड़ताल को लेकर किसान सभा की ग्रामीण सभाएं जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना



देशव्यापी हड़ताल को लेकर किसान सभा की ग्रामीण सभा का दृश्य ।

अखिल भारतीय किसान सभा जिला के नेतृत्व में 9 जुलाई देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में इसराना तहसील के गांव पुठर, गांव चमराडा में किसानों की सभाएं आयोजित की गई।

सभा के जिला सचिव राजपाल गाहल्याण, इसराना तहसील प्रधान सीताराम शर्मा ने केंद्र व राज्य की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार किसान मजदूर कर्मचारी विरोधी सरकार है पिछले 10 वर्षों से लंबे समय से किसान मजदूर कर्मचारियों के खिलाफ काले कानून बना रही है। इसलिए 9 जुलाई की देशव्यापी हड़ताल की जा रही है। हड़ताल का समर्थन संयुक्त किसान मोर्चा सभी किसान संगठनों ने किया है और हड़ताल में सक्रिय रूप से किसान भाग लेंगे।

## पार्षद मनीष बेनीवाल ने चलाया सफाई अभियान

# मानसून से पहले वार्ड 10 में करवाई नालों की सफाई

■ बारिश में जलभराव जैसी स्थिति से राहत मिल सकेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



शहर के वार्ड 10 के अंतर्गत नेशनल हाइवे सहित अन्य क्षेत्र में पार्षद मनीष बेनिवाल द्वारा सफाई अभियान के तहत नालों व नालियों की सफाई कार्य शुरू कराया गया। पार्षद मनीष बेनिवाल ने बताया कि मानसून से पहले वार्ड की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सफाई कर्मचारियों के सहयोग से नालों और नालियों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। जिसमें विशेष रूप से टूटे हुए और टूटे नालों की मरम्मत और पुनर्निर्माण पर ध्यान दिया जाएगा। मानसून से पहले यह काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था जिसको लेकर कार्य को शुरू कर दिया गया है। जिससे वार्ड में मानसून से पूर्व सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जा सके और बारिश में जलभराव जैसी स्थिति से लोगों को राहत मिल सके।

# पहली ही बरसात में खुली पानी निकासी के बंदोबस्तों की पोल रिहायशी बस्तियां पानी से हो गईं लबालब, आमजन हलकान

## जलभराव की निकासी को लेकर हरकत में आए निगम और नप कर्मचारी

रिहायशी कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को दिक्कत हुई वहीं बरसात से किसान खुश, बोले पछेती धान की रोपाई में तेजी आएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। बरसात के पानी रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव का दृश्य फोटो :हरिभूमि

शनिवार रात से शुरू हुई बरसात से ट्विन सिटी की ज्यादातर रिहायशी बस्तियों में जलभराव हो गया। नगर निगम व नगर परिषद की ओर से जलभराव को रोकने के लिए किए बंदोबस्त कमजोर नजर आए। जलभराव की वजह से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि बरसाती पानी के ठहराव को रोकने के लिए अफसर पहली बार हरकत में दिखे। शाम तक कई बस्तियों से पानी को निकालने का काम चल रहा था। उधर बरसात की वजह से बेशक रिहायशी कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को दिक्कत हुई लेकिन किसानों को बड़ी राहत मिली। बरसाती पानी से धान के खेत लबालब भर गए। फसल की पानी की जरुरत फिलहाल पूरी हो गई।

### इन इलाकों में जलभराव

शनिवार रात से रविवार सुबह तक हुई बरसात की वजह से अंबाला शहर की ज्यादातर निचली कॉलोनियों में जलभराव हो गया। हालांकि इस बार जलभराव को रोकने के लिए इस बार सेक्टर 8 व 9 में थोड़ी राहत देखने को मिली। पर सेक्टर दस की मुख्य सड़कों पर शाम तक पानी जमा रहा। इसके अलावा जगाधरी गेट, जैन कॉलेज के आसपास की कॉलोनियां, बलदेव नगर, होलसेल कपड़ा मार्केट, मॉडल टाउन, प्रेमनगर, नदी मोहल्ला, कलाल माजरी, दुर्गानगर, नसीरपुर व आसपास की कई कॉलोनियों में बरसात की वजह से पानी भर गया था। इसी तरह अंबाला छावनी में महेशनगर, सदर बाजार, टांगरी नदी से सटी कॉलोनियों के साथ बीडी फ्लोर मिल के पीछे की ज्यादातर कॉलोनियों में जलभराव हो गया था। अंबाला शहर व छावनी के अंडरपास भी पानी से लबालब भर गया। वाहन चालकों को यहां से गुजरने में बेहद दिक्कतें हुई। हालांकि नगर निगम व नप की ओर से पानी निकालने की कसरत शुरू हो गई थी। पंपों के जरिए कर्मचारी पानी निकालने में जुटे थे।

### 92 एमएम बरसात रिकॉर्ड



*जिले में रविवार सुबह तक 92 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। यह बारिश सुबह 8.30 बजे तक रिकॉर्ड हुई। इसके बाद भी सुबह 9.30 बजे तक रूक-रूककर बारिश होती रही। बारिश होने से शहर के ज्यादातर बाजार सुबह 10.30 बजे तक भी बंद रहे। अंबाला शहर की मॉडल टाउन पुलिस चौकी में भी जलभराव हो गया। पुरानी दिल्ली रोड पर प्रेम नगर से जंडली तक ज्यादा जलभराव हो गया। यहां आवाजाही में भी लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। कई लोग वाहन बंद होने से धक्का भी मारते नजर आए। बारिश के कारण छावनी के सदर बाजार में सब पोस्ट ऑफिस के बाहर दुकान का छज्जा गिर गया। इसके साथ ही माया वाला चौक, महेश नगर, गोबिंद नगर, रामनगर, बब्याल रोड, दयाल बाग, बीडी फ्लोर में जलभराव हो गया। नारायणगढ़ व बराड़ा क्षेत्र में भी रूक-रूककर बारिश होती रही।*


इंको अंडरपास के नीचे फंसी कार को बाहर निकालते लोग।

## अंबाला शहर: इंको अंडरपास फिर बन गया बड़ी मुसीबत

अंबाला शहर के इंको के पास बनाया गया अंडरपास फिर वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गया है। हल्की सी बरसात होते ही इस अंडरपास में तीन से चार फुट पानी जमा हो जाता है।

इसी वजह से न तो यहां से कोई वाहन निकल पाता है न ही कोई पैदल राहगीर निकलने की हिम्मत जुटा पाता है। रविवार को भारी बरसात के बाद यहां जमा पानी से एक कार चालक ने निकलने की हिम्मत जुटाई लेकिन वह बीच में ही फंस गया। काफी देर तक कार के अंदर फंसा रहा। अंदर पानी घुसने पर वह बोनट पर बैठ गया। काफी देर बाद ट्रेक्टर के जरिए कार को बाहर निकाला गया। इस हादसे में जानी नुकसान की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। पूरे दिन कोई भी दोपहिया वाहन यहां से गुजर नहीं पाया।


पुलिस थाने के सामने भरा पानी

## मेयर के पति खुद रात दो बजे सड़कों पर उतरे

अंबाला शहर के निचले इलाकों से पानी की निकासी में मेयर शैलजा सचदेवा के पति एडवोकेट संदीप सचदेवा खुद रात दो बजे तक सड़कों पर उतरे रहे। उन्होंने रात दो बजे तक शहर से पानी की निकासी करवाई। वार्ड-10 नदी मोहल्ला में निगम सदस्य मिथुन वर्मा की शिकायत पर वे मौके पर पहुंचे। यहां सचदेवा ने रात को ही संसाधन उपलब्ध करवाकर पानी निकासी के लिए पंप को चलवाया। मे मनोनीत सदस्य संदीप सचदेवा ने बताया कि नदी मोहल्ला में निचला क्षेत्र होने के कारण बारिश के कारण जलभराव हो गया था। यहां लगे हुए पंप की क्षमता ज्यादा नहीं थी जिससे यहां के पानी को जल्द निकाला जा सके। जब उनको पता चला कि सदस्य मिथुन वर्मा पानी निकासी करवाने



के लिए पहुंचे हैं लेकिन संसाधनों की कमी के कारण पानी निकासी करवाने में दिक्कत आ रही है तो वह मौके पर पहुंचे। यहां संसाधन उपलब्ध करवाए गए। उन्होंने कहा कि शहर में पानी निकासी की लड़ाई अकेली उनकी, भाजपा व कांग्रेस की नहीं बल्कि पूरे शहर के नागरिकों की है। वार्ड नंबर 9 से सदस्य मिथुन वर्मा ने बताया कि बारिश होने से नदी मोहल्ला क्षेत्र में जलभराव हुआ। जैसे ही बारिश आई तो नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। यहां तीन पंप लगे हुए हैं। एक पंप अतिक्ति रखा गया है। यहां से पानी की निकासी सबर्मिबल मोटर से होती है। उन्होंने निगम अधिकारियों से यहां जनरेटर उपलब्ध करवाने की मांग की थी लेकिन यहां जनरेटर के कनेक्शन व पैनल नहीं जोड़े गए थे। उन्होंने मेयर पति संदीप सचदेवा से भी बात की तो वह रात को पहुंचे। उन्होंने रात में यह जनरेटर चालू करवाया। यह सबर्मिबल एक मिनट में तीन हजार लीटर पानी की निकासी करता है।

### किसान खुश

#### अब धान की रोपाई में आएगी तेजी

बरसात की वजह से किसान बेहद खुश हैं। किसानों का कहना है कि बरसात पानी खेतों में जमा होने से अब धान की रोपाई में तेजी आएगी। साथ ही जिन खेतों में रोपाई हो चुकी वहां खड़ी फसल को भी पर्याप्त पानी मिल गया। किसान कई दिन से बरसात का इंतजार कर थे। 1 जुलाई तक अब निरंतर बरसात होने की संभावना जताई जा रही है। यानि अगले दो दिन मौसम पूरी तरह से ठंडा रहेगा। बरसात की वजह से चारे की फसलों को भी फायदा मिला है। हालांकि सब्जी की फसलों को बरसात की वजह से नुकसान होने की बात कही जा रही है। इसकी वजह से एक बार फिर सब्जियां महंगी हो सकती हैं।

### खबर संक्षेप

#### गांव खुड्डा कलां में होगा रात्रि ठहराव

**अंबाला।** गांव खुड्डा कलां के सामुदायिक केंद्र में 30 जून को सायं 5.30 बजे रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनने का काम करेंगे। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि रात्रि ठहराव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि आसपास के गांवों के लोग भी इस दौरान अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रख सकते हैं। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी सरकारी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।



#### कॉमन प्रवेश परीक्षा 30 जून से: भर्ती निदेशक

**अंबाला।** भर्ती निदेशक कर्नल बीएस पांड्येय ने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क/स्टोर कीपर, ट्रेड्स मैन दसवीं पास, ट्रेडमैन आठवीं पास और अग्निवीर महिला सेना पुलिस और रेगुलर एंट्री के तहत सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ, हवलदार (एसएसी), जेसीओ कैटरिंग और हवलदार (एजुकेशन) के पद पर कॉमन प्रवेश परीक्षा का आयोजन विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 30 जून से 10 जुलाई तक किया जाएगा। सभी उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड अपलोड कर दिए गए हैं। समस्या आने पर भर्ती कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## ग्रामीणों ने सुनी मोदी के 'मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


बराड़ा। पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेपटॉप पर सुनते ग्रामीण।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को गांव तंदवाल में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से सुना और देखा। इस अवसर को विशेष बनाते हुए पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ एक पेड़ मां के नाम समर्पित करते हुए लगाया गया।

इस दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री द्वारा सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण सुरक्षा, और जनभागीदारी जैसे मुद्दों पर दिए गए संदेशों से प्रेरणा ली। कार्यक्रम के उपरांत ग्रामीणों ने एक विशेष पहल के तहत 'मां के नाम एक पेड़' अभियान के अंतर्गत एक पौधरोपण किया और संकल्प लिया कि वे पर्यावरण की रक्षा करेंगे और परिवार में प्रत्येक सदस्य के नाम एक-एक पेड़ अवश्य लगाएंगे।

गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने पीएम मोदी की इस पहल की सराहना की और युवाओं को भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पेड़ के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया।

## एक पेड़ मां के नाम लगाने का अभियान शुरू किया



हरिभूमि न्यूज. मुलाना

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन हमीदपुर गांव में हुआ।।इस कार्यक्रम के दौरान वहां काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम का शुभारंभ आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मीनू चौहान ने किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा, /"पौधे हमारी प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए, तभी हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा। उन्होंने कहा कि आज का वृक्ष, कल की सांस है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पौधे हमारी प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए, तभी हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा। पौधरोपण के बाद सभी ने यह संकल्प लिया कि वे लगाए गए पौधों की नियमित रूप से देखभाल करेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण सुरक्षा की शपथ के साथ किया गया।

## लोक अदालत का आयोजन 12 को

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को किया जाएगा।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया कि लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आगामी 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण के विवादों पर सुनवाई होगी।

## घर से भगवान की मूर्तियां चोरी, सोने के गहनों पर भी किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- अंबाला कैंट के 12 क्रॉस इलाके में बंद घर में वारदात




अंबाला कैंट के 12 क्रॉस इलाके में एक बंद घर में चोरी की वारदात सामने आई है। परिवार छुट्टियां बिताने बाहर गया हुआ था और इसी दौरान चोरों ने घर को निशाना बना लिया। चोरी की सूचना मिलते ही परिवार तुरंत अंबाला लौटा। घर खोलने पर सारा सामान बिखरा मिला।

उन्होंने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में चोरी हुए सामान का आंकलन किया जा रहा है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। परिवार छुट्टियों में करनाल गया हुआ था। चोरों ने इसी दौरान घर में हाथ साफ कर दिया। परिवार को तब पता लगा जब उनके पास अंबाला से फोन गया और वो वापिस अंबाला पहुंचे। अंबाला अपने घर पहुंचकर जब ताला खोला तो उनके होश उड़ गए क्योंकि अलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा हुआ था। पीड़ति परिवार ने इस मामले की सूचना डायल 112 को दी और मौके पर पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई। पीड़ति परिवार की महिलाओं ने बताया कि वे 13 जून को करनाल गए थे कल उनके पास फोन आया तो वे सुबह यहां पहुंचे तब देखा की सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। उन्होंने बताया कि घर का सारा गोल्ड गायब है। घर से एलईडी सहित काफी सामान गायब है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भगवान की मूर्तियां भी घर से गायब हैं। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि पुलिस जल्दी से जल्दी चोर पकड़े और उनका सामान बरामद करवाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अंडरपास बने मुसीबत, बरसाती पानी जमा होने से वाहन चालकों का गुजरना दूभर

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

नगरपालिका के दोनों अंडरपास हर बार अक्सर बारिश के दौरान पानी से लबालब हो जाते हैं। इससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होता है। वाहन चालकों से लेकर पैदल चलने वाले नागरिकों तक, सभी को इस जलभराव के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का आरोप है कि जब इन अंडरपासों का निर्माण किया गया था तब ठेकेदार द्वारा जल निकासी की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं की गई। इसका खामियाजा अब लोगों को भुगतना पड़ता है। अंडरपास में जमा होने वाला पानी कई बार तो बारिश रुकने के तीन-चार दिन बाद तक भी वहीं खड़ा रहता है। इससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा जाती है।


बराड़ा। अंडरपास में जमा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

### लोगों को होती है भारी असुविधा

बारिश के दौरान मुख्य बाजार में स्थित अंडरपास में पानी भरने के कारण छोटे वाहन चालकों और दुपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक दिक्कत होती है। कई बार वाहन अंडरपास में ही बंद हो जाते हैं। इससे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। पैदल चलने वाले बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को पानी में चलना जोखिम भरा हो जाता है। यहां रहने वाले रणजीत सिंह, जगदीशचंद्र, बलजीत सैनी, दलजीत कौर, सुमन देवी, नीतू का कहना है कि यह समस्या हर साल दोहराई जाती है। प्रशासन द्वारा इसे लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जाती। यहां रहने वाले सुरेश कुमार का कहना है कि हर बार यही समस्या होती है। थोड़ी बारिश होती है और अंडरपास लबालब हो जाते हैं। फिर कई दिन तक उसका उपयोग नहीं हो पाता। गीता देवी ने कहा स्कूली बच्चों को घूमकर जाना पड़ता है, बुजुर्ग तो अंडरपास से गुजर ही नहीं पाते। प्रशासन को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

### पुख्ता इंतज़ाम करें

प्रशासन जल्द इन अंडरपासों में पानी की निकासी के लिए पुख्ता इंतजाम करे। पंपिंग सिस्टम या ड्रेनेज लाइन से यह संभव। साथ ही अंडरपास की सफाई और निरीक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश का पानी जमा न हो। *-विशाल सिंगला, प्रधान, प्रयास संस्था*



विशाल सिंगला

### शीघ्र समाधान हो

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से अपील है कि वे अंडरपास में पानी निकासी के इस जनहित के मुद्दे पर गंभीरता दिखाएं और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। जब तक स्थायी उपाय नहीं किए जाएंगे तब तक नागरिक हर बारिश में इसी तरह जलभराव की मार झेलते रहेंगे। *- बृज मोहन, वरिष्ठ नागरिक*


बृज मोहन।

### जनहित में निकाला पानी


समाजसेवी डॉ. कुलदीप शर्मा।

समाजसेवी डॉक्टर कुलदीप शर्मा ने कई बार निजी खर्च पर मोटर पंप लगवाकर मुख्य बाजार में स्थित अंडरपास से पानी निकलवाया है। शर्मा ने बताया कि बराड़ा की जनता कई वर्षों से जल भराव की समस्या से जूझ रही है। हल्की सी बारिश में जहां शहर की गलियां जल मग्न हो जाती हैं। रेलवे स्टेशन के समीप बना अंडरपास में पानी भर जाने के बाद लोगों की आवाजाही बंद हो जाती है। जब से यह अंडर पास बना है तब से यहां हर बार बारिश में जल भराव की समस्या पैदा हो जाती है। वह तभी से रेल विभाग और नगर पालिका प्रशासन से यहां समस्या के हल की मांग करते आ रहे हैं।जब भी इस अंडरपास में पानी भर जाता है तो न तो नगर पालिका और न ही रेलवे प्रशासन यहां से पानी निकालने के लिए आगे आता है। बारिश का सीजन शुरू हो चुका है लेकिन समस्या जस की तस है।

### स्लैब दे रही हादसों को न्यौता

मौजगढ़ में स्थित अंडरपास में लेफ्ट साइड में रेलवे की ओर से गंदे पानी की निकासी के लिए निकाली गई पुरानी स्लैब पिछले काफी समय से पड़ी हुई है।रात के अंधेरे में जब कोई भी राहगीर या वाहन चालक वहां से गुजरते है तो स्लैब दिखाई नहीं पड़ती जिस कारण यह हादसे का कारण बन रही है। दूसरी ओर रेलवे के इस अंडरपास के अंदर के रास्तों पर दोनों तरफ काफी मिट्टी पड़ी हुई है। बरसात के दिनों में कीचड का रूप धारण कर लेती है। इस कीचड़ के कारण वाहन चालकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यह सारी मिट्टी अंडरपास के पानी निकासी के सीवरेज में जाकर निकासी को अवरूद्ध कर देती है। गांव तंदवाल में रेलवे फाटक पर बने अंडरपास में पानी भर जाने पर उसे निकालने के लिए रेलवे की ओर से व्यवस्था की गई है।